Please check the examination details below before entering your candidate information

| नाम | कक्षा | विभाग |
|---|---|---|
| | | |

# BLOOM हिन्दी ओलम्पियाड (BHO)

## प्रश्न-पत्र 2023-24

कक्षा 2

कुल प्रश्न : 35 + 3 (Tie-Breaking सेक्शन)

**कुल निर्धारित समय :** 60 मिनट

**कुल अंक** : 35

## निर्देश

1. इस पुस्तिका में **35 बहुविकल्पीय प्रश्न** हैं, जिनके 4 विकल्प दिए गए हैं। इनमें से **सिर्फ एक विकल्प** सही है।
2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक निर्धारित है।
3. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। किसी भी गलत उत्तर के लिए **नकारात्मक अंक** नहीं दिया जाएगा।
4. पूरे प्रश्न-पत्र को करने के लिए 1 घण्टे का समय निर्धारित है।
5. पेपर को करने से पहले नीचे दिए गए स्थान में अपनी जानकारी अवश्य भरें।

## OMR शीट निर्देश

1. पेपर शुरू करने से पहले OMR शीट में सभी जानकारी भरें।
2. पेपर शुरू होने से पहले OMR शीट भरने के लिए 10 मिनट अधिक दिए जाएँगे।
3. OMR शीट में सही गोले को भरने के लिए HB पेंसिल का प्रयोग करें। OMR शीट में सही तरह से गोला भरने का तरीका नीचे दिया गया है।
   ● ○ ○ ○
4. OMR शीट में सभी जानकारी भरने के लिए काले या नीले बॉल पेन या HB पेंसिल का प्रयोग कर सकते हैं। आंशिक रूप से भरी गई OMR शीट की जाँच नहीं की जाएगी।
5. पेपर समाप्त होने के बाद OMR शीट निरीक्षक को वापस कर दें।

CODE #1

HI2

BLOOM CAP
Founded by | arihant

**1.** बातचीत करना भाषा का कौन-सा रूप है?

(a) मौखिक
(b) मौखिक एवं लिखित
(c) लिखित
(d) सांकेतिक

**2.** निम्न में से कौन-सा संयुक्त व्यंजन है?

(a) ज्ञ
(b) भ
(c) क्ष
(d) श

**3.** अनुनासिक युक्त शब्द चुनिए।

(a) चन्दन
(b) ऑफिस
(c) शनैः
(d) आँगन

**4.** 'दादाजी <u>रेडियो</u> पर समाचार सुन रहे हैं।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द में ध्वनियों का सही क्रम है

(a) र + ए + डि + यो
(b) र + ए + ड + इ + यो
(c) र् + ए + ड् + इ + य् + ओ
(d) र + ए + ड + य + ओ

**5.** दिए गए शब्दों का सही क्रम चुनिए

(a) बच्चा सुना गाना रहा है।
(b) बच्चा रहा गाना सुना है।
(c) सुना रहा बच्चा है गाना।
(d) बच्चा गाना सुना रहा है।

**6.** दिए गए चित्र में कौन-सी संज्ञा है?



(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(b) जातिवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा
(d) इनमें से कोई नहीं

**7.** चित्र को पहचानकर उसका लिंग बताइए



(a) पुल्लिंग
(b) स्त्रीलिंग
(c) 'a' और 'b' दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

**8.** 'बाघिन' शब्द से किस लिंग का बोध होता है?

(a) पुल्लिंग
(b) स्त्रीलिंग
(c) 'a' और 'b' दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

**9.** 'मुझे रेलगाड़ी से आगरा जाना है।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द का बहुवचन रूप चुनिए।

(a) रेलगाड़िया
(b) रेलगाड़ीया
(c) रेलगाडीओं
(d) रेलगाड़ियाँ

**10.** निम्न एकवचन-बहुवचन जोड़ियों में कौन-सी जोड़ी सही है?

(a) तकिया-तकियो
(b) माला-मालाओं
(c) बस्ता-बस्तों
(d) स्त्री-स्त्रियाँ

**11.** 'दरवाजे पर कोई खड़ा है।' वाक्य में सर्वनाम शब्द है

(a) दरवाजे
(b) पर
(c) कोई
(d) खड़ा है

**12.** जय और विजय आज जंगल में घूमने गए ········· पशु-पक्षी को देखकर ········· मन प्रसन्न हो रहा था। दिए गए रिक्त स्थान के लिए उचित सर्वनाम शब्द चुनिए।

(a) वह, जय और विजय
(b) उनका, वहाँ
(c) वहाँ, उनका
(d) ये, यह

**13.** 'राहुल ने खाना खाकर पानी पिया।' वाक्य में क्रिया शब्द है

(a) राहुल, खाना
(b) खाना, खाकर
(c) खाकर, पिया
(d) पानी, पिया

**14.** निम्न में से कौन-सा सही युग्म नहीं है?

(a) बगीचा-संज्ञा
(b) मुझसे-सर्वनाम
(c) कड़वा-विशेषण
(d) कहानी-क्रिया

**15.** 'सुरेखा एक अच्छी लड़की है। सुरेखा की खेलने में रुचि है।'
वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही सर्वनाम शब्द होगा

(a) वह
(b) उसको
(c) उस
(d) ये

**16.** विशेषण के आधार पर निम्न में कौन-सा सुमेलित नहीं है?

| | शब्द | | विशेषण |
|---|---|---|---|
| (a) | चाँद | — | चाँदनी |
| (b) | पर्वत | — | पर्वतीय |
| (c) | धर्म | — | अधर्म |
| (d) | मास | — | मासिक |

**17.** 'मेरे घर में दो लीटर दूध आता है।' दिए गए वाक्य में सही विशेषण शब्द चुनिए

(a) मेरे
(b) घर में
(c) दो लीटर
(d) दूध

**18.** धातु में 'ना' जोड़ने से हिन्दी के ………… पद बनते हैं।

(a) संज्ञा
(b) लिंग
(c) क्रिया
(d) सर्वनाम

**19.** हमें (कम) बोलना चाहिए और ………… सुनना चाहिए। इस वाक्य में गोले में दिए गए शब्द का विलोम चुनकर रिक्त स्थान भरिए।

(a) छोटा
(b) कमजोर
(c) बाहर
(d) अधिक

**20.** निम्न में से विलोम शब्द का कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?

(a) मानव-दानव
(b) अर्थ-अनर्थ
(c) उजाला-प्रकाश
(d) हँसना-रोना

**21.** निम्न में से कौन-सा विकल्प सही सुमेलित नहीं है?

| | अनेक शब्द | | एक शब्द |
|---|---|---|---|
| (a) | जिसमें शक्ति हो | — | शक्तिशाली |
| (b) | जो दिखाई न दे | — | दृश्य |
| (c) | जानने की इच्छा | — | जिज्ञासा |
| (d) | जो नगर में रहता हो | — | नागरिक |

**22.** 'बड़ों के पाँव छूकर आशीर्वाद लो।' वाक्य में रेखांकित शब्द का सही पर्यायवाची शब्द चुनिए।

(a) कर
(b) पद
(c) केश
(d) तात

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सुमेलित नहीं है?

| | शब्द | | पर्यायवाची |
|---|---|---|---|
| (a) | फूल | — | पुष्प, सुमन |
| (b) | हाथी | — | गज, हस्ती |
| (c) | आकाश | — | मेघ, आसमान |
| (d) | सूर्य | — | सूरज, रवि |

**24.** 'मीठा बोलने वाला' के लिए एक शब्द होगा

(a) आदरणीय
(b) मनमोहक
(c) मितव्ययी
(d) मृदुभाषी

**25.** निम्न में से कौन-सा शब्द व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है?

(a) फुल
(b) थेला
(c) चीनि
(d) गायिका

**26.** 'गले का हार होना' मुहावरे का सही अर्थ है

(a) गले में हार पहनना
(b) हार मान लेना
(c) अत्यधिक प्रिय होना
(d) बहुत ऊँचा होना

**27.** निम्न में से कौन-सा विकल्प सही सुमेलित नहीं है?

| | मुहावरा | | अर्थ |
|---|---|---|---|
| (a) | अँगूठा दिखाना | — | स्पष्ट मना कर देना |
| (b) | बाग-बाग होना | — | डर जाना |
| (c) | पापड़ बेलना | — | बहुत कोशिश करना |
| (d) | ईद का चाँद होना | — | बहुत दिनों बाद दिखाई देना |

**28.** 'मम्मी बाजार से चार खिलौने लेकर आई।' वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए हिन्दी की सही गिनती चुनिए

(a) ५
(b) ४
(c) ६
(d) ७

**29.** साल का आखिरी महीना कौन-सा होता है?

(a) मार्च
(b) मई
(c) अगस्त
(d) दिसम्बर

**30.** निम्न में कौन-सा विकल्प सही सुमेलित है?

| | हिन्दी अंक | | हिन्दी शब्द |
|---|---|---|---|
| (a) | १३ | — | बारह |
| (b) | १६ | — | अठारह |
| (c) | १५ | — | सोलह |
| (d) | १४ | — | चौदह |

**31.** गुरुवार से ठीक पहले ········· आता है। दिए गए रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प चुनिए।

(a) सोमवार
(b) बुधवार
(c) शुक्रवार
(d) शनिवार

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 32-33) दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

रक्षाबन्धन का त्योहार भाई-बहन के प्यार का प्रतीक है। यह पूरे भारतवर्ष में मनाया जाता है। यह त्योहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन सभी बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाती हैं, राखी बाँधती हैं तथा मिठाई खिलाती हैं। भाई अपनी बहनों को उपहार देते हैं। इस दिन श्रवण कुमार की पूजा की जाती है।

**32.** रक्षाबन्धन का त्योहार कब मनाया जाता है?

(a) फाल्गुन मास की पूर्णिमा को
(b) चैत्र मास की अमावस्या को
(c) श्रावण मास की अमावस्या को
(d) श्रावण मास की पूर्णिमा को

**33.** किस दिन सभी बहनें अपने भाइयों के तिलक लगाती हैं?

(a) होली के दिन
(b) मकर संक्रान्ति के दिन
(c) दीपावली के दिन
(d) रक्षाबन्धन के दिन

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 34-35) दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।



**34.** उपरोक्त चित्र में बच्चे क्या कर रहे हैं?

(a) गाना गा रहे हैं
(b) खाना खा रहे हैं
(c) खेल रहे हैं
(d) शरबत पी रहे हैं

**35.** उपरोक्त चित्र में डिब्बे के अन्दर क्या है?

(a) ब्रेड
(b) फल
(c) पिज्जा
(d) कैमरा

# Tie-Breaking सेक्शन

**निर्देश**

1. इस खण्ड में 3 प्रश्न हैं।
2. इस खण्ड में प्राप्त अंकों को कुल अंकों में नहीं जोड़ा जाएगा।
3. यदि दो या दो से अधिक छात्रों के समान अंक आते हैं, तो उनमें विजेता का चयन इस खण्ड में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।
4. इस खण्ड को करना अनिवार्य नहीं है। छात्र इसे कर भी सकते हैं और नहीं भी।

**1.** निम्नलिखित में कौन-सा विकल्प सुमेलित नहीं है?

| | वाक्य | | क्रिया |
|---|---|---|---|
| (a) | शिल्पा किताब पढ़ती है। | — | पढ़ती |
| (b) | सोनल दौड़ रही है। | — | दौड़ |
| (c) | अंकित जूस पी रहा है। | — | पी |
| (d) | मेहुल गाना गा रहा है। | — | गाना |

**2.** कृष्णराव ········· व्यक्ति हैं।
(जिसका आचरण अच्छा) कोष्ठक में दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(a) बलशाली
(b) सत्यवादी
(c) सदाचारी
(d) आज्ञाकारी

**3.** 'थकान के कारण रिक्शावाला रुक गया।' वाक्य में भाववाचक संज्ञा शब्द है

(a) थकान
(b) रिक्शावाला
(c) कारण
(d) रुक गया